# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), श्रावस्ती।

पत्रांक 1301 / वि–15 / 90 दिनांक :– 18/06/26

सेवा में,


मुख्य अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– दिनांक 17.06.2026 को हिन्दुस्तान प्रकाशन में प्रकाशित विषय ''तीन साल बाद भी अधूरा पड़ा पानी टंकी का निर्माण कार्य'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 17.06.2026 को हिन्दुस्तान प्रकाशन में प्रकाशित विषय ''तीन साल बाद भी अधूरा पड़ा पानी टंकी का निर्माण कार्य'' के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद श्रावस्ती में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–2 में मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रों द्वारा कार्य कराया जा रहा है। उक्त के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर द्वारा प्रकरण की जांच की गयी। जांचोपरानत पाया गया कि ग्राम पंचायत रायपुर बिलेला पाइप पेयजल योजना में नलकूप बोरिंग, पम्प हाउस, शिरोपरि जलाशय, वितरण प्रणाली का कार्य 13.6 कि0मी0 के सापेक्ष 10.27 कि0मी0 बिछाई जा चुकी है तथा गृह संयोजन का कार्य 90 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है। उक्त योजना विद्युत आधारित है जिसमें ट्रान्सफार्मर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण हो चुका है परन्तु विद्युत कनेक्शन का कार्य प्रक्रियाधीन है। उक्त योजना पर विद्युत कनेक्शन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर योजना संचालित की जायेगी, की सूचना कार्यदायी फर्म द्वारा कार्यालय को प्रेषित की गयी है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।







भवदीय

(मोहम्मद इमरान)
अधिशासी अभियन्ता

*पृष्ठांकन संख्या एवं तद्दिनांक*

*प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–*

1. मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोण्डा।
3. जिलाधिकारी, श्रावस्ती।
4. मुख्य विकास अधिकारी, श्रावस्ती।
5. जिला सूचना, अधिकारी, श्रावस्ती।

अधिशासी अभियन्ता

Paper Katinging 2026